# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-1816

सेवा में,

श्रीमती रूबी कुमारी,प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय,टोटहां
प्रखंड-लालगंज, वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-19/08/26

विषयः- स्पष्टीकरण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि अधोहस्ताक्षरी को सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो प्राप्त हुआ है। जिसके अवलोकन से यह ज्ञात हो रहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लोहे की रॉड/सरिया एवं डंडे इत्यादि के साथ विद्यालय परिसर के अंदर प्रवेश किया गया है तथा आपके विद्यालय में अध्ययनरत किसी छात्र का सिर फाड़ दिया गया है। विद्यालय परिसर में इस प्रकार की हिंसक घटना का होना अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय विषय है। यह सीधे तौर पर विद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही को परिलक्षित करता है।

उक्त के आलोक में आपको निदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.08.2026 की संध्या 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में पूरे घटनाक्रम को स्पष्ट करें। साथ ही विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज, उक्त घटना पर आपके द्वारा अब तक की गई कार्रवाई का पूर्ण विवरण तथा इस गंभीर घटना की सूचना तत्काल कार्यालय को क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई इस संबंध में साक्ष्य आधारित अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय सीमा के अंदर उपस्थित होकर संतोषजनक स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में इसे आपकी स्वेच्छाचारिता मानते हुए आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

विश्वासभाजन

19.8.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,,
वैशाली।